# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ0प्र0
## MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.
**Website : https://mpublp.ac.in** E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**


पत्रांक सं.: माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/345 दिनांकः 21 जुलाई, 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / समन्वयक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर

**विषयः– प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए बाह्य एवं आंतरिक अंको को पूरित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2025–2026 के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के सापेक्ष प्रायोगिक परीक्षा के बाह्य एवं आंतरिक अंको को पूरित करने हेतु पोर्टल दिनांक **24.07.2026 से दिनांक 30.07.2026** तक के लिए पुनः खोला जा रहा है।

अतः उक्त समयावधि में प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए अंको को पोर्टल पर पूरित कर शीलबंद हार्डकापी अधोहस्ताक्षरी को दिनांक **31.07.2026** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन छात्र / छात्राओं को **85 प्रतिशत** से अधिक अंक प्रदान किये जायेंगे, उनकी वीडियो रिकार्डिंग के साथ हार्डकापी प्रस्तुत करना होगा। यदि नियत तिथि तक प्रायोगिक / प्रोजेक्ट वर्क / मौखिकी की परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी जाती है तो, सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी। उक्त अवधि के पश्चात् यदि कोई महाविद्यालय प्रायोगिक परीक्षा कराने का अनुरोध करता है, तो उक्त हेतु अतिरिक्त शुल्क अधिरोपित करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।

भवदीय

(दिनेश कुमार मौर्य)
**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
2. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. कार्यालय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक